1424 hours

Title: Need to provide stoppage of August Kranti and Rajdhani Express Trains at Sawai Madhopur Railway Station, Rajasthan.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at twenty-four minutes

past Fourteen of the Clock.

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up matters under rule 377.

श्रीमती ज्सकौर मीणा (स्वाई माधोपुर) : उपाध्यक्ष महोद्य, भारत पर्यटन की दृटि से संसार के बहुताय्त देशों को लुभा रहा है। पर्यटन श्रेत्र में विकास की देश में बहुत गुंजाइश है। देश को आर्थिक दृटि से सबल करने में पर्यटन का विशे महत्व भी है। इसी क्रम में मेरा संसदीय क्षेत्र स्वाई माधोपुर (राजस्थान) वन सम्पदा का धनी तो है ही इसके साथ ही विश्व प्रसिद्ध रणथंभौर बाघ परियोजना भी इसी क्षेत्र में स्थित है। देश विदेशों से प्रति वर्ा लाखों सैलानी स्वाई माधोपुर रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं। यह स्टेशन दिल्ली-मुम्बई रेल मार्ग पर स्थित है। दिल्ली से जाने वाली अगस्त क्रान्ति जब प्रारंभ हुई तो स्वाई माधोपुर में उसका ठहराव दिया गया, जो कि उचित था, लेकिन अचानक इसका ठहराव स्वाई माधोपुर स्टेशन पर बंद कर दिया गया। जबकि यहां से सदैव निर्धारित सीटें आरक्षित होती रहती हैं। कुछ समय पूर्व स्वाई माधोपुर के रणथंभौर बाघ परियोजना को देखने के लिए अमेरिका के राट्रपति श्री बिल क्लिंटन आये थे और बहुत आकर्ति हुए।

स्वाई माधोपुर में पर्यटन के विकास को और अधिक सुगम बनाने के लिए इस स्टेशन पर अगस्त क्रान्ति और राजधानी गाड़ियों का ठहराव बहुत ही आवश्यक है।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदया से अनुरोध करना चाहती हूं कि अगस्त क्रान्ति एक्सप्रैस गाड़ी का ठहराव स्वाई माधोपुर में करने के आदेश पारित करें ताकि देश, विदेश के सैलानी रणथंभौर बाघ परियोजना का आसानी से भ्रमण कर सकें। इससे रेलवे को अतिरिक्त आय तथा क्षेत्र का विकास हो सकेगा।